समस्त पत्र-व्यवहार रजिस्ट्रार, लखनऊ विश्वविद्यालय, को सम्बोधित करें अन्य किसी अधिकारी के नाम से नहीं।

पत्र संख्या :...................(सा0प्रशा0)/19
दिनांक :.........................

प्रेषक,

कुलसचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ।

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्रचार्या
संयुक्त/सम्बद्ध
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः— दिनांक 5 सितम्बर, 2019 को शिक्षक दिवस के अवसर पर लोक भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ स्थित आडिटोरियम मेंआयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संलग्न सचिव उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्रांक संख्या 1859/70–3–2019–08(10)/19 दिनांक 03.09.2019 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा यह अवगत कराया गया है कि दिनांक 05.09.2019 को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के कम में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा "सरस्वती" एवं "शिक्षक श्री" पुरस्कार तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार तथा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से शिक्षकों को सम्मानित किये जाने हेतु शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन लोक भवन, 15 विधान सभा मार्ग में किया जा रहा है। इस कार्यकम में मा0 मुख्यमंत्री जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे एवं अध्यक्षता मा0 श्री राज्यपाल महोदया द्वारा की जायेगी। जिसका सजीव प्रसारण पूर्वान्ह 11:30 बजे डी0डी0 उत्तर प्रदेश पर किया जाएगा।

इस सम्बन्ध में शासन द्वारा यह निर्देशित किया गया है दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को शिक्षक दिवस के अवसर पर उक्त कार्यकम का सजीव प्रसारण महाविद्यालयों में स्कीन लगाकर समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यकम की वीडियों क्लिप/फोटो बनाते हुए उसकी एक प्रति शासन के ई–मेल आईडी hesection.3@gmail.com एवं उच्च शिक्षा निदेशालय, की ई–मेल आईडी info@dheup.com पर प्रेषित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण हेतु स्कीन लगाकर समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को दिखाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें, जिससे की उक्त कार्यकम के सजीव प्रसारण से महाविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक लाभान्वित हो सकें।

संलग्नकःयथोपरि।

भवदीय,

(एस0 के0 शुक्ल)
कुलसचिव

संख्या– GA/20666-75 दिनांक 04/09/2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. निजी सचिव कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति, मा0 प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
03. सचिव, उत्तर प्रदेश शासन उच्च शिक्षा अनुभाग–3 को सूचनार्थ प्रेषित।
04. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,लखनऊ।
05. अधिष्ठाता, महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0
06. निदेशक, आई0पी0पी0आर0 ल0वि0वि0।
07. कार्यक्रम समन्वयक, एन0एस0एस0 को इस आशय से प्रेषित कि वह एन0एन0एस0 के volunteer को निर्देशित करने का कष्ट करें कि उक्त कार्यक्रम में आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करें।
08. कुलसचिव जी के वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
09. इंचार्ज वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को ई–मेल के माध्यम से समस्त प्राचार्य/प्रचार्या संयुक्त/सम्बद्ध लखनऊ विश्वविद्यालय, को प्रेषित करने का कष्ट करें।
10. उपकुलसचिव सम्बद्धता।

उपकुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या–1859/सत्तर–3–2019–08(10)/19

प्रेषक,

आर0 रमेश कुमार,
सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1– निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2– कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 03 सितम्बर, 2019

**विषयः– दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को शिक्षक दिवस के अवसर पर लोक भवन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ स्थित आडिटोरियम में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के कम में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा "सरस्वती" एवं "शिक्षक श्री" पुरस्कार तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार तथा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से शिक्षकों को सम्मानित किए जाने हेतु शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन लोक भवन, 15 विधान सभा मार्ग, लखनऊ मे किया जा रहा है। इस कार्यकम में मा0 मुख्यमंत्री जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे तथा इस कार्यकम की अध्यक्षता श्री राज्यपाल द्वारा की जायेगी। इस कार्यकम का सजीव प्रसारण (Live) पूर्वान्ह 11:30 बजे डी0डी0 उत्तर प्रदेश पर किया जायेगा।

2– अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त सम्मान समारोह के प्रसारण को देखने हेतु निम्नवत व्यवस्था सुनिश्चित की जाये :–

(1) प्रदेश स्तर पर दिनांक 05 सितम्बर, 2019 को आयोजित होने वाले शिक्षक सम्मान समारोह 2019 के कार्यकम के लाइव प्रसारण के सम्बन्ध में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में इस कार्यकम को देखने हेतु उचित प्रबन्ध किया जाये जिससे कि प्रत्येक शिक्षक तथा विद्यार्थी इस कार्यकम को देख सके एवं मा0 मुख्यमंत्री जी के विचारों से लाभान्वित हो सके।

(2) इस कार्यकम के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित किया जाये कि विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में उपलब्ध टेलीविजन सेट कियाशील हो तथा निर्बाध विद्युत व्यवस्था हो। ऐसे विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों जहां टेलीविजन सेट कियाशील नहीं है अथवा उपलब्ध नहीं है या विद्युत व्यवस्था में कोई बाधा हो तो ऐसे विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को आवश्यकतानुसार टेलीविजन सेट, जनरेटर तथा इनवर्टर आदि की वैकल्पिक व्यवस्था करेंगे।

(3) कार्यकम देखने के लिए अभिभावकों को भी आमंत्रित किए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

..2

(4) सजीव प्रसारण वेबसाइट https://www.facebook.com/governmentofup/ एवं https://www.facebook.com/ cmouttarpradesh/ पर भी उपलब्ध है।

(5) इस कार्यक्रम से सम्बन्धित विस्तृत सूचना यथा–विद्यार्थियों की संख्या स्पष्ट फोटोग्राफ इत्यादि उच्च शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट info@dheup.com तथा उच्च शिक्षा अनुभाग–3 की ई–मेल आई०डी० hesection.3@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

( आर० रमेश कुमार )
सचिव।

संख्या–1859(1)/सत्तर–3–2019, तद्‌दिनांक:

प्रतिलिपि समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार शिक्षक समारोह के सजीव प्रसारण को देखने हेतु शिक्षक/छात्रों को अपने स्तर से भी सूचित करने का कष्ट करें।

आज्ञा से

( आर० रमेश कुमार )
सचिव।